



## जीत का जश्न : जमकर हुई आतिशबाजी, लहराया तिरंगा

टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की शानदार जीत का गवाह एक बार फिर इंदौर का हृदय स्थल राजवाड़ा बना. जैसे ही पाकिस्तानी टीम के आखिरी बल्लेबाज का विकेट गिरा शहर कुछ देर के लिए आतिशबाजी और पटाखों की गूंज से सराबोर हो गया. लोगों ने घरों की बालकनियों से लेकर सडक़ों तक जीत का इजहार किया. क्रिकेट प्रेमी टीवी स्क्रीन छोडक़र अपनी गाड़ियों से राजवाड़ा की ओर रवाना होने लगे. देखते ही देखते राजवाड़ा पर क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ इकट्ठा हो गई. चारों ओर तिरंगे लहराने लगे. भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा. युवाओं ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया, तो कई लोग देशभक्ति गीतों पर झूमते नजर आए.





# चंदन नगर-कालानी नगर सड़क को शासन से मिली हरी झंडी

**पांच विधायक और चार महापौर नहीं कर सके, वो पुष्यमित्र भार्गव ने कर दिखाया**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** पश्चिम क्षेत्र को एयरपोर्ट से जोड़ने वाली सड़क का गजट नोटिफिकेशन हो ही गया. इसके साथ ही पश्चिमी रिंग रोड से एयरपोर्ट जुड़ जाएगा. यह मास्टर प्लान की रिंग रोड को पूरा करेगी. यह बात अलग है कि तय अलॉयमेंट की जगह दूसरे अलॉयमेंट पर बन रही है. इस सड़क के बनने का रास्ता साफ होते है ही, यह कहा जा सकता है कि पांच विधायक और चार महापौर रिंग रोड को एयरपोर्ट से जोड़ नहीं सके, वो सड़क महापौर पुष्यमित्र भार्गव बनाने जा रहे



है. यह सड़क एयरपोर्ट रोड से जुड़ने के बाद सुपर कॉरिडोर और उज्जैन रोड जाने के लिए जीवनरेखा साबित होगी.

राज्य सरकार ने चंदन नगर चौराहे से नंदन नगर, नगीन नगर कालानी नगर चौराहे तक सड़क का गजट नोटिफिकेशन कर दिया है. उक्त सड़क का कोच हिस्सा जो मास्टर प्लान में शामिल नहीं था, उसको भी मास्टर प्लान में जोड़ दिया है. करीब 3 किलोमीटर लंबी 60 फीट चौड़ी सड़क का टेंडर और वर्क ऑर्डर पहले ही हो चुका है. ध्यान रहे कि यह सड़क पहले आईडीए की योजना में शामिल थी, लेकिन राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और वोट के कारण मास्टर प्लान की उक्त सड़क बनाने के हिम्मत किसी विधायक या महापौर ने नहीं दिखाई. इस बार महापौर ने पश्चिम क्षेत्र के यातायात दबाव को कम करने की ठान ली थी और उसको जिद बनाकर पूरा करने के भीड़ गए. महापौर ने उक्त सड़क को अपना मिशन बनाकर शासन के सभी विभागों के साथ तालमेल किया और हर स्तर पर सड़क की मंजूरी के निरंतर प्रयास किए. इसी का परिणाम है कि राज्य शासन ने चंदन नगर से कालानी नगर चौराहे तक की सड़क का गजट नोटिफिकेशन कर दिया.

**आवागमन हो जाएगा सुगम :** महापौर को स्वयं पर पूर्ण आत्मविश्वास होने का परिणाम है कि पश्चिम क्षेत्र को वर्षों से लंबित एक बड़ी सड़क की सौगात देने जा रहे हैं. इस सड़क के बनने के बाद राजमोहल्ला, गंगवाल, महूनाका, बड़ा गणपति की ओर से एयरपोर्ट जाने वाले वाहनों का आवागमन बहुत कम हो जाएगा. इससे शहर में यातायात दबाव कम होगा. महापौर के कठोर प्रयास और तेज़ प्रशासनिक कार्रवाई, समयबद्ध टेंडर और राज्य शासन की त्वरित स्वीकृति ने इस परियोजना को जमीन पर उतारने का रास्ता साफ कर दिया है.

### पश्चिमी क्षेत्र के लिए जीवन रेखा क्यों?

- यह सड़क शहर के पश्चिमी क्षेत्र को एयरपोर्ट से जोड़कर आगे सुपर कॉरिडोर को सीधी कनेक्टिविटी देगी.
- एयरपोर्ट रोड के कालानी नगर चौराहे से धार रोड, चंदन नगर चौराहे तक नया कॉरिडोर ट्रैफिक लोड कम करेगा और पश्चिमी रिंग रोड से राजेंद्र नगर एबी रोड जाने का सबसे छोटा मार्ग बनेगा.
- नंदन नगर और नगीन नगर के पास करीब 800 मीटर सड़क को भी मास्टर प्लान में शामिल किया गया है.
- सड़क निर्माण क्षेत्र में 200 से अधिक बाधक है, जिन्हें हटाने के लिए नगर निगम ने पहले से तैयारी कर रखी है.

### शहर के पश्चिम क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

- 30 सालों से सड़क निर्माण पैंडिंग था, अब सालों की प्रतीक्षा खत्म पश्चिमी क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी.
- 18 मीटर चौड़ी नई सड़क पश्चिमी क्षेत्र के लिए बेहद अहम.
- 20 करोड़ रुपए की लागत से मास्टर प्लान की सड़कों से बची राशि से निर्माण.
- टेंडर और वर्क ऑर्डर पहले ही जारी हो चुके है, कार्य शुरू होने में अब कोई अड़चन नहीं.

### निर्माण का रास्ता साफ

मास्टर प्लान में पश्चिमी रिंग रोड की रिंग एयरपोर्ट रोड को जोड़ने की थी, लेकिन चंदन नगर के कारण यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया क्योंकि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और वोट बैंक का लफड़ा जो था. कांग्रेस सरकार के बाद उषा ठाकुर, सुदर्शन गुप्ता दो बार, संजय शुक्ला कांग्रेस और कैलाश विजयवर्गीय विधायक बने, लेकिन भाजपा की सत्ता होने के बाद भी उक्त सड़क का शेष भाग बनाने की हिम्मत नहीं जुटा सके. इसी तरह कैलाश विजयवर्गीय, उमाशशि शर्मा, कृष्ण मुरारी मोघे, मालिनी गौड़ महापौर रहे, लेकिन किसी ने भी उक्त सड़क को बनाने की हिम्मत नहीं जुटाई. महापौर बनते ही पुष्यमित्र भार्गव ने उक्त सड़क का कठिन कार्य हाथों में लिया और उसके निर्माण का रास्ता साफ किया. अब सड़क निर्माण शुरू होना ही शेष बचा है.

## एक नजर में

### बालिका सुरक्षा व जागरूकता को लेकर कार्यशाला



**इंदौर.** बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय सीखकर विषम परिस्थितियों में हिम्मत नहीं हारना चाहिए. हर मुश्किल का सामना करें और जरूरत पड़ने पर मदद के लिए आवाज भी लगाए ।यह बात बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता सदस्य संगीता सिंह ने उमिया पाटीदार हाई सेकेंडरी स्कूल रंगवासा में महिला एवं बाल विकास विभाग और विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यशाला में कहीं. कार्यशाला में उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक ने बाल विवाह प्रतिशत अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए कहा कि बच्चे अपने परिवार को जागरूक करेंगे तो समाज इस कुप्रथा से दूर होगा. उन्होंने उपस्थित बच्चों, शिक्षक और समुदाय को बाल विवाह मुक्त भारत एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई. साइबर अपराध शाखा के उप निरीक्षक शिवम ठक्कर ने ऑपरेशन मुस्कान ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता संबंधी जानकारी दी. विधिक सेवा प्राधिकरण के सुनीता ठक्कर और शशि कुशवाहा ने कानूनी सहायता को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी.

### छत्रपति शिवाजी जयंती पर चार दिवसीय कार्यक्रम

**इंदौर.** म. प्र. क्षत्रिय मराठा मंडल एवं छत्रपति शिवाजी प्रतिष्ठान के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर 19 फरवरी से नगर में चार दिवसीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है. इस अंतर्गत बच्चों की चित्रकला स्पर्धा, देशभक्ति पूर्ण गीतों की प्रस्तुति, सम्मान समारोह एवं विशेष रूप से महाराष्ट्र से आमंत्रित वक्ताओं के व्याख्यान आदि का आयोजन किया जाएगा. इस वर्ष भी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती राष्ट्रीय एकता सद्भावना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय संस्था की आवश्यक बैठक में लिया गया. संस्था द्वारा सफलतापूर्वक समारोह आयोजित करने का यह 42 वर्ष है. इस अवसर पर सार्वजनिक छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह समिति के पदाधिकारीयों की घोषणा भी की गई, जिसमें संयोजक एडवोकेट मनोहर पवार, अध्यक्ष विट्ठलराव गोलांडे, उपाध्यक्ष संजय लोनकर, हरिशंकर रायकवार, दीपक फाल्के, ललित ठोंबरे, सचिव बबन कदम, विनोद नागरे, राजेश निकम, रविंद्र गट्ट, कोषाध्यक्ष अशोक गायकवाड सह सचिव राजश्री चिटनिस, साक्षी नागरे सांस्कृतिक सचिव विकास चव्हाण, सुरेश सुरोशी, विजय पुणेकर, शिवाजी वामनकर, प्रचार सचिव अमित आमनापुरकर, वीरेंद्र पुणेकर ,सतीश चव्हाण, महिला प्रतिनिधि डॉ .आशा गायकवाड,डॉ .प्रणिता महाडीक, सुश्री मंगला गौरसे , वर्षा खानविलकर तथा परामर्शदाता समिति में डॉ प्रकाश मटकर,शिवाजी मोहिते,पार्षद सुरेश टाकलकर ,डॉ प्रभाकर चौखंडे,रविंद्र सोमवंशी,अशोक आमनापुरकर, प्रकाश सूर्यवंशी, बालकृष्ण पवार , सुभाष वाघमारे ,दिनकराराव अडसुले आदि मनोनीत किए गए. संस्था संयोजक एडवोकेट मनोहर एवं सचिव बबन कदम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न समितियों का गठन किया जाकर ,नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का सहयोग प्राप्त कर समारोह भव्य पैमाने पर मनाया जाएगा.

# कलात्मक प्रस्तुति से प्रतिभागियों को किया मंत्रमुग्ध

**शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूर्तिकला कार्यशाला का आयोजन**

**इंदौर. शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के चित्रकला विभाग एवं एकाग्र एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में आर्टमीसिया कॉलेज ऑफ आर्ट एंड डिजाइन के प्रख्यात मूर्तिकार एवं प्रोफेसर गौरव सोनी ने अपनी कलात्मक प्रस्तुति से लगभग 158 प्रतिभागियों को मंत्रमुग्ध कर दिया.**

प्रोफेसर सोनी ने लाइव मॉडल पर मिट्टी से मूर्ति निर्माण करते हुए अपनी कड़ी मेहनत, सृजनात्मकता और एकाग्रता का परिचय दिया. ऑनलाइन और



ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जुड़े प्रतिभागी उनकी कलात्मक प्रस्तुति को देखकर आश्चर्यचकित रह गए. कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन और अतिथि कलाकार के स्वागत से हुआ. प्राचार्य डॉ. बी.डी. श्रीवास्तव ने प्रोफेसर सोनी का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया. कार्यशाला में प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. मनीषा जोशी, डॉ. एस.के. छारी, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. विनीता वर्मा, डॉ. उषा महोबिया, डॉ. रजनी भारती, महेश विश्वकर्मा, लाइव मॉडल के रूप में एक छात्र तथा विभाग के अनेक छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की. कार्यक्रम के समापन पर डॉ. कुमकुम भारद्वाज, चित्रकला विभागाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया.

### सौंदर्य का होता है समावेश

विभागाध्यक्ष एवं कार्यशाला संयोजक डॉ. कुमकुम भारद्वाज ने कहा कि मिट्टी से खेलना सभी को पसंद है, लेकिन जब यह खेल कलात्मकता का रूप धारण कर लेता है, तो इसमें सौंदर्य का समावेश हो जाता है और एक मूर्तिकार अपनी रचनात्मक यात्रा प्रारंभ करता है. एकाग्र एनजीओ की सचिव कल्पना सिंह ने बताया कि गौरव सोनी अब तक 16,000 से अधिक मूर्तियों का निर्माण कर चुके हैं. एनजीओ की अध्यक्ष गरिमा शर्मा ने भी कलाकार की जीवंत कलाकृतियों की सराहना की.

# त्रिवेणी संयम अनुमोदना समारोह 18 और 19 फरवरी को

**इंदौर.** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ, पश्चिमी क्षेत्र द्वारा 18 और 19 फरवरी को त्रिवेणी संयम अनुमोदना समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन स्कीम क्रमांक 71, स्थित परिसर में संपन्न किया जाएगा.

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सुभाष वन्यायक्या ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन जैन समाज के लिए अत्यंत श्रद्धा, आस्था एवं आध्यात्मिक गौरव का विषय है. समारोह के अंतर्गत 45 वर्षीय दीक्षा-पर्याय पूर्ण करने वाले युवााचार्य महेंद्र ऋषिजी, 56 वर्षीय दीक्षा-पर्याय पूर्ण करने वाले गुरु हस्ती शिष्य तपस्वीराज शीतलमुनि तथा 65 वर्षीय दीक्षा-पर्याय पूर्ण करने वाली तपस्विनी साध्वी निमाड़ सौरभ रमणिक कुंवरजी दमू के दीर्घ संयममय जीवन की अनुमोदना एवं अभिनंदन किया जाएगा. 18 फरवरी को प्रात: 8.45 बजे धर्मसभा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा. इसी अवसर पर स्वर्गीय पद्मा सुभाष वन्यायक्या के षष्ठ पुण्य स्मरण दिवस का आयोजन श्रद्धापूर्वक किया जाएगा. 19 फरवरी को प्रात: 8.45 बजे धर्मसभा उपरांत मुख्य त्रिवेणी संयम अनुमोदना समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के वरिष्ठ गणमान्यजन, विशिष्ट अतिथि एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुगण की उपस्थिति रहेगी. इस पावन अवसर पर चिकित्सक डॉ. विजय छजलानी को चिकित्सारत्न सम्मान से अलंकृत किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि इसी अवसर पर लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित विशाल जैन साधना भवन के लोकार्पण की घोषणा भी की जाएगी. आयोजन समिति के अध्यक्ष महेश डाकोलिया, चेयरमेन राजेंद्र लोढ़ा, कार्याध्यक्ष अनिल बरडिया एवं प्रचार मंत्री सुनील कुदार ने समस्त समाजबंधुओं से सादर अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक आयोजन को सफल एवं गरिमामय बनाएँ.

**एक नजर में** कला साधिका डॉ. भूमि बिसेन और विश्वांगी वडनेरे का अंरगेत्रम लाभ मंडपम पर हुआ

# भरतनाट्यम के विविध नृत्यों की दी क्रमवार प्रस्तुति

**इंदौर. महाशिवरात्रि पर भरतनाटयम नृत्य की कला साधिकाएं डॉ. भूमि बिसेन और सुश्री विश्वांगी वडनेरे का वरदा कला संस्थान की निदेशिका एवं कलागुरु श्रुति राजीव शर्मा के निर्देशन में अंरगेत्रम कार्यक्रम हुआ. लाभ मंडपम अभय प्रशाल में हुए अंरगेत्रम में दोनों कला साधिकाये डॉ. भूमि और सुश्री विश्वांगी ने अंरगेत्रम लाइव कर्नाटक संगीत पर दिया.**

दोनों कला साधिका गोल्डन क्रीम की चमकदार परम्परागत साड़ी पहने हुई थी और उन्होंने लगातार 2 घंटे तक भरतनाटयम नृत्य के विविध नृत्य की क्रमवार कवुथवम, मल्लारी, जातिस्वरम, शब्दम, वर्णम, वृंदावनी वेणु वाझे, अर्धनारी नटेश्वर, परमेश्वरी, तिल्लाना और मंगलंम की प्रस्तुति दी. दक्षिण भारत की करीब 2



हजार वर्ष पुरानी इस नृत्य परम्परा को दोनों कला साधिकाओ ने अपने नृत्य और अभिनय जीवंत कर दिया. कर्नाटक संगीत के मृद्गगम, वायलिन, बांसुरी आदि वाधयंत्रों पर सुंदर प्रस्तुति दी. . कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी, हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल, व्ही एस कोकजे, मध्य प्रदेश की डिप्टी डायरेक्टर भारतीसिंग राजपूत, कलागुरु श्रुति राजीव शर्मा, वरिष्ठ कार्डिक सर्जन डॉ. मुकेश मोढ एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश ज्वेल ने दीप प्रजवलित कर किया. प्रवीण जोशी ने बताया कि इस मौके पर रामसिंह राणावत एवं अतिथियों ने वरिष्ठ समाजसेवी राज सिंह बिसेन का शाल- श्रीफल और मोमेंटो से सम्मान किया. अतिथि स्वागत सुनीता आदेश जैन, अजय सिंह बिसेन, श्रुति शर्मा, विरल वडनेरे, राजीव शर्मा, पदमा बिसेन, अवन्तिका वडनेरे, डॉ. राशि शर्मा , प्रभा पचौरी डॉ. स्मिता तिवारी, अतुल मिश्रा, अनुराधा सक्सेना ने किया. नट्टुवंगम को प्रस्तुत किया कलागुरु श्ररुति राजीव शर्मा और खैरागढ़ के आर जया दास की टीम ने. कार्य क्रम में पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन, जयंत भिसे सहित रसिक जन उपस्थित थे.

### शिष्य का दीक्षांत समारोह

कलागुरु श्रुति राजीव शर्मा ने कहा कि अंरगेत्रम यह गुरु द्वारा शिष्य को समाज व रसिकजन के संमुख इस घोषणा के साथ प्रस्तुत करने का अवसर होता है कि अब यह शिष्य स्वतंत्र रूप से मंच पर नृत्य करने योग्य है. यह एक तरह का दीक्षांत समारोह होता है जब शिष्य अपने गुरु के सामने सोलो परफार्मेंस देता है. राष्टगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर दोनों कला साधिकाओ ने प्रस्तुति दी.